# अकीदत के साथ आज मनाया जायेगा मोहर्रम

## मस्जिद में होगी आशूरे की नमाज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** आज मोहर्रम की 10 तारीख रविवार को इंदिरा कॉम्प्लेक्स के सामने सुबह से नगर में ताजियों व सबारियो का मजमा रहेगा। इंदिरा कॉम्पलेक्स पर हजारों लोग ताजियों की जियारत करने पहुचेंगे। बड़ेबली इमामबाड़े व शक्तिचौक पर हसनी हुसैनी सोयायटी द्वारा लगाए गए परचम पर भी भारी मजमा देखने को मिलेगा । इंदिरा कॉम्प्लेक्स के सामने दोपहर तक ताजिए रखे रहने के बाद सभी अपने अपने मुकाम पहुचेगे। आज ही कि रात्रि में चावड़ी पर बारह भाई इमाम बाड़े के सामने ताजिये रखे जाएंगे वहा पर सबारिया रन करने आएगी।

चावड़ी पर पूरी रात मजमा रहेगा यहा पर लोग पहुचेगे। मोहर्रम की 11 तारीख सोमवार की सुबह सभी ताजिए नए बस स्टैंड बाबली दरगाह शरीफ पर रुकने के बाद करबला के लिए रुखसत होंगे नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड में ताजियों को ठंडा किया जाएगा ।

आज मस्जिदों में आशुरे नमाज की नमाज पढ़ी जाएगी। लोग अपने घरों में भी नमाज अदा करेंगे। मोहर्रम का पर्व इंसानियत का पैगाम देता है आशुरे के दिन सेवाभाव के साथ नेक काम करना चाहिए। मुस्लिम समाज ने स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर पालिका परिषद से आज मोहर्रम पर्व पर होने वाले आयोजन में प्रशासनिक सहयोग करने की अपेक्षा की है।

# तेज बारिश से ढही स्टेट हाईवे की पुलिया

## आवागमन पूरी तरह ठप





**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। नरसिंहपुर जिले में लगातार बारिश से स्टेट हाईवे की पुलिया धराशायी हो गई। हादसा सुबह के वक्त हुआ। यदि ये दुर्घटना रात में होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

बता दें कि नरसिंहपुर जिले में बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते करेली-गाडरवारा मार्ग पर बनेसुर और बटेसरा के बीच बनी स्टेट हाईवे 22 की पुलिया अचानक धंस गई। फिलहाल बैरिकेड लगाकर वाहनों को दूसरे ग्रामीण मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा है, लेकिन बारिश जारी रही तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं। लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार सुबह से ही जिले के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात पूरी तरह ठप है। नदियां उफान पर हैं, पुल बहने की कगार पर हैं और ग्रामीणों को जान हथेली पर रखकर आवाजाही करनी पड़ रही है।

**स्टेट हाईवे 22 पर संपर्क टूटा** - शनिवार सुबह 7 बजे बंदेसुर और बटेसरा के बीच स्टेट हाईवे-22 पर एक पुलिया अचानक धंस गई। इसके चलते करेली से गाडरवारा का सीधा संपर्क टूट गया है। भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद है और हल्के वाहन भी वैकल्पिक मार्ग से बड़ी मुश्किल से जा पा रहे हैं।

**जबलपुर-नरसिंहपुर नेशनल हाईवे भी अवरुद्ध** - भरवारा तिराहा के पास एक विशालकाय पेड़ गिरने से जबलपुर-नरसिंहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग भी पूरी तरह जाम हो गया है। छोटे वाहन डांगीढाना मार्ग से होकर निकलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वहां भी कीचड़ और पानी भरने से फिसलन की स्थिति बनी हुई है।

**गोटेगांव तहसील में खतरे की घंटी, पुल अधूरा, नदी उफान पर** - श्रीनगर क्षेत्र में दतला नाला और ऊमर नदी उफान पर हैं। श्रीनगर से उमरिया मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। इस मार्ग पर पिछले दो साल से पुल निर्माण का काम अधूरा पड़ा है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते पुल अब तक नहीं बन सका, जिससे अब तेज बहाव में इसके बह जाने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों को मजबूरी में नदी पार करनी पड़ रही है, वो भी जान जोखिम में डालकर। तेज बहाव के बीच लोग अपनी जान हथेली पर लेकर किसी तरह इस पार से उस पार पहुंच रहे हैं।

**रस्सी के सहारे नदी पार कर रहे ग्रामीण** - जयथारी गांव का हाल और भी गंभीर है। इमलिया और जयथारी गांव के बीच का पुल पिछले 5-6 वर्षों से अधूरा है। ऐसे में श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर लौट रहे ग्रामीणों को रस्सी के सहारे या नाव से नदी पार करनी पड़ी। बारिश से नदी में तेज बहाव है, जिससे जरा सी चूक जानलेवा साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को कई बार पुल निर्माण को लेकर अवगत कराया गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला।

**बच्चों की पढ़ाई पर भी असर** - ग्रामीण इलाकों के बच्चों की पढ़ाई पर भी बारिश का असर पड़ा है। कई माता-पिता बच्चों को शहरों में किराए के मकानों में रखकर पढ़ाई जारी रखने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं जिनके पास ऐसा विकल्प नहीं है, वे बच्चे स्कूल ही नहीं जा पा रहे हैं।

**मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट** - मौसम विभाग ने आगामी दिनों में और भारी बारिश की चेतावनी दी है। जिले में अब तक 10 इंच से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। अगर इसी तरह बारिश जारी रही तो हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं।

# धनारे कालोनी 50 क्वार्टर के पास रास्ते मे भरा पानी



**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** रानी अवंतीबाई वार्ड स्थित गली नम्बर 1 में 50 क्वार्टर्स के पास स्थित मकानों के पास हुई लगातार भारी बारिश से कॉलोनी में अनेक स्थानों पर जल भराव होने से कॉलोनी वासियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है जिससे धनारे कॉलोनी, 50 क्वार्टर्स के पास निवास कर रहे लोगों के मकान के सामने नालियां ना होने से जल का जमाव हो गया है और 1 से 2 फुट पानी उनके मकानों के सामने कच्चे रास्ते पर भर गया।

कॉलोनी वासियों ने नगर पालिका को जलभराव की सूचना दी नगरपालिका द्वारा इस जल के निकासी की कोशिश भी की गई किंतु नालिया ना होने की वजह से रास्ता और अस्त-व्यस्त हो गया है । महत्वपूर्ण बात यह है कि इस वार्ड के उक्त हिस्से में ना तो व्यवस्थित नालियों का निर्माण किया गया है और ना ही सड़क का निर्माण किया गया है । जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना बरसात के मौसम में करना पड़ रहा है।

### घरों के सामने जलभराव से नागरिक परेशान

## सार-समाचार

### सियाल इंटरनेशनल स्कूल में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सियाल इंटरनेशनल स्कूल, नरसिंहपुर में विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नरसिंहपुर शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों की विशेष टीम विद्यालय में उपस्थित रही। चिकित्सक दल में डॉ. धीरज गुप्ता (दंत चिकित्सक), डॉ. अमित सोनी एवं डॉ. गौरीश सोनी (मेडिकल ऑफिसर्स), मृदुला सोनी (एडोलेसेंट काउंसलर) तथा नीरज सिलावट (मेल नर्स) सम्मिलित थे। इन सभी विशेषज्ञों ने कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य, एवं दंत स्वच्छता से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारियां एवं सुझाव प्रदान किए।



इस स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का भी सराहनीय योगदान रहा। उन्होंने न केवल बच्चों को व्यवस्थित रूप से परीक्षण हेतु उपस्थित किया, बल्कि पूरी व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक पंकज नेमा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करना भी विद्यालय का नैतिक उत्तरदायित्व है।卐 उन्होंने शिविर को सफल बनाने के लिए चिकित्सा दल एवं विद्यालय स्टाफ के योगदान की सराहना की।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों को उनकी उम्र एवं ज़रूरत के अनुसार व्यक्तिगत परामर्श भी दिया गया। इसके साथ ही सभी चिकित्सकों का सम्मान पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक पंकज नेमा ने चिकित्सक टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की घोषणा की।

### जीवन में समय, समझ और शक्ति एक साथ नहीं मिलतीं : सागर महाराज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मानव के जीवन में तीन चीजें एक साथ नहीं होती हैं समय,समझ ओर शक्ति ये तीनों चीजें कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में एकसाथ जुटा नहीं पाता। किसी के पास जब समय होता है,शक्ति होती है तो तब समझ नहीं होती,जब व्यक्ति के पास समझ होती है ओर शक्ति होती है। लेक्नि समय नही होता। जब व्यक्ति के पास समय है समझ है तो उसके पास शक्ति नहीं होती है। उक्ताशय के विचार मुनि निर्दोश सागर महाराज ने कंद्देली स्थित जैन मंदिर में आर्शीवचन में कहे। उन्होंने क्हा कि यह व्यवस्था मनुष्य पर्याय में होती है,जब बाल अवस्था में बच्चों के पास समय ओर शक्ति होती है पर समझ नहीं होती। खाओ पियों बडा आनंद बिल चुकाये बडा नंद समय का सिर गंजा होता है समय को कोई भी नहीं पकड पाया है घडी हमेशा टिक-टिक करती है वह कहती है टिको,संसार की प्रत्येक वस्तु दौड कर पाना होता है। लेकिन आत्म तत्व को पकडने के लिये स्थिर होना पडता है यदि आप अपना हित चाहते है। तो मन को स्थिर रखिये,घडी के सेकण्ड के कांटे की तरह,बंदर की तरह उछल-कूद मन करता रहता है,मन से बुरी बातें निकाल कर हमेशा अच्छा सोचो,मन हमारा है पर सोचता पराये के बारे में , क्भी अपने बारे में नहीं सोचता,दुनिया हमेशा दुखी है दूसरे के विषय में सोचने में, जग के पदार्थो का परिणमन स्वतका है ये आप की इच्छा के अनुसार परिणमन नहीं करते हैं।

## 10 बसों पर हुई कार्रवाई, 27,500 का जुर्माना वसूला गया

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** अनूपपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षित स्कूल बस अभियान के तहत बिजुरीक्षेत्र में संचालित निजी स्कूलों की बसों की चेकिंग के दौरान 10 स्कूली बसों पर कार्यवाही की गई। इनमें से एक बस बिना परमिट पाई गई, जिस पर 10,500 का जुर्माना लगाया गया, जबकि अन्य 9 बसों पर भी नियमों के उल्लंघन के चलते 17,000 का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

कार्यवाही के दौरान बस क्रमांक एमपी 65 पी 0175 को जांचा गया, तो वाहन के पास वैध परमिट नहीं पाया गया। इस पर मोटरयान अधिनियम के तहत 10,500 का जुर्माना ठोका गया।

## इंजीनियर की सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स जबलपुर के अधीनस्थ कोटि नियंत्रण (अर्थ डेम) अनुविभाग करेली नरसिंहपुर में प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी के रूप में पदस्थ इंजी. मनीष बाजपेई अपनी 62 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर विगत दिवस 30 जून को कार्यालय कार्यपालन यंत्री गुणवत्ता नियंत्रण संभाग क्रमांक-29 बरगी हिल्स जबलपुर से सेवा निवृत्त हुये।

श्री बाजपेई की प्रथम नियुक्ति 21 जून 1989 लखुन्दर परियोजना मक्सी से प्रारंभ हुई। आपने लाटगांव, बगासपुर नरसिंहपुर में मुख्य नहर का कार्य, सतना नागौद, हालोन परियोजना में तकनीकी कार्य एवं 2009 में सहायक अनुसंधान अधिकारी मेहगांव जबलपुर में कार्य किया एवं वर्तमान में अनुविभागीय अधिकारी कोटि नियंत्रण (अर्थ डेम) अनुविभाग करेली नरसिंहपुर पदस्थ रहकर चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना का तकनीकी कार्य कुशलता पूर्वक किया गया। वर्ष 2022 से मध्यप्रदेश डिप्लोमा एसोसिऐशन समिति नरसिंहपुर के अध्यक्ष पद पर रहकर कर्मचारी हितैषी कार्य किये एवं सामाजिक क्षेत्र, खेल जगत में अपनी अहम भूमिका निभाई। जगतगुरू श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी के शिष्य के रूप में रहकर परहंसी मंदिर के अन्तर्गत धर्मशाला, स्कूल, नैत्र चिकित्सालय, वृध्दाश्रम, मंदिरों के निर्माण में मुख्य तकनीकी के रूप में सहयोग रहा। विदाई समारोह में नरसिंहपुर जिले से विभागीय अधिकारियों/ कर्मचारियो एवं खेल प्रेमियों ने भाग लेकर उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट पर प्रकाश डालते हुए साल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी।

## उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में हुआ लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम

**गाडरवारा, देशबन्धु।** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में दिखाया गया। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह की उपस्थिति में 43 प्रतिभाशाली बच्चों को लैपटॉप की राशि उनके बैंक एकाउंट में अंतरण की गई।

इसके अंतर्गत विकासखंड स्तर पर आयोजित लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम मे अनुज प्रताप सिंह, मुकेश मरैया, मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, पार्षद संदीप पैगवार, रानू ताम्रकार, केएल साहू, चंद्रकांत गुप्ता, तखतसिंह कौरव, श्रेयस ताम्रकार, शौरभ सोनी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम मरावी, बीआरसी डीके पटेल उपस्थित रहे। जिसमें प्रतीकात्मक रूप से विद्यार्थियों को चेक वितरित किये गए। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन और वंदना से हुआ। इसके उपरांत उपस्थित जनों का स्वागत संस्था प्राचार्य भूपेश ठाकुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम मे राव अनुज प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी ठान ले तो वह सबकुछ हासिल कर सकता है। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक विनीत नामदेव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं तथा गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

## सर्व ब्राह्मण सभा का मेधावी विद्यार्थी एवं विशिष्ट नवाचारी सम्मान समारोह आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** प्रतिभा को उचित प्रोत्साहन व सम्मान मिलना चाहिए जिसकी वह हकदार है अन्यथा प्रतिभा अपने आप को पहचान नहीं पाती और वह उचित दिशा नहीं पकड़ पाती। समाज का भी यह दायित्व है कि वह प्रतिभा संपन्न युवाओं को आगे लाये और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा दे। उक्त विचार सर्वब्राह्मण महासभा के तहसील स्तरीय मेधावी विद्यार्थी एवं विशिष्ट नवाचारी सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शासकीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किये

इस अवसर पर कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में गाडरवारा तहसील में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विप्र विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विशेष नवाचार सम्मान में शिक्षा, चित्रकला, कृषि, लघु उद्योग ,विज्ञान आदि में विशेष नवाचार करने पर ऋषभ शुक्ला, राहुल दुबे, एवं शिवम दीक्षित, श्रीमती अर्चना स्वामी निहारिका अधरुज, केके राजोरिया, मनीष तिवारी और अभिषेक शुक्ला को विशेष नवाचारी सम्मान से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक साधना स्थापक ने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे ऐसे मुकाम पर हैं जब उन्हें अपना सारा समय, सारा ध्यान, सारी शक्ति अपनी पढ़ाई पर केंद्रित करना है। नई-नई पुस्तकों का स्वाध्याय करें और मोबाइल से पर्याप्त दूरी बनाएं।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक नरेश पाठक, नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पं संतोष शर्मा, डीके उपाध्याय, भगवानदास त्रिपाठी, रिचा स्थापक, बसंती पालीवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुबोध राजोरिया और संदीप स्थापक ने किया। स्वागत भाषण चंद्रकांत शर्मा द्वारा एवं आभार प्रदर्शन मधुकांत दुबे द्वारा किया गया।

## विद्यालय में मनाया गया वन महोत्सव

**करेली, देशबन्धु।** कार्मेल विद्यालय में वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक फादर जॉनसन,प्राचार्य फादर केल्विन, एडमिनिस्ट्रेटर फादर पॉल, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया साथ ही साथ नारे लेखन, पोस्टर मेकिंग, प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।



इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं ने पेड़-पौधों के महत्व उनकी अनिवार्यताओं को दर्शाया और वन संरक्षण, प्रकृति संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि " वृक्षों से ही हमारा जीवन है। पेड़ - पौधों वनों का संरक्षण करना हमारा प्रथम दायित्व होना चाहिए।" उन्होंने सभी विद्यार्थियों और जनमानस से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का अनुरोध किया।

## न्यायालयों में पदस्थ कर्मियों का प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम, नरसिंहपुर में जिला मुख्यालय के समस्त माननीय न्यायालयों में पदस्थ प्रस्तुतकार एवं जिला के समस्त माननीय न्यायालयों के कोर्ट मोहर्रिर, थानों के समंस/वारंट मादगार एवं निष्पादन अधिकारियों को माननीय न्यायालयों द्वारा ई-समंस एवं वारंट जारी/तामीली प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



उक्त प्रशिक्षण में माननीय अपर सत्र न्यायाधीश, राम मनोहर दांगी, पुलिस अधीक्षक, श्रीमति मृगाखी डेका, अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया, एसडीओपी, नरसिंहपुर, रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी, कोतवाली एवं स्टेशनगंज, प्रभारी फिंगर प्रिंट शाखा, प्रभारी लीगल सेल, प्रभारी समंस वारंट शाखा, सीसीटीएनएस शाखा एवं जिला अभियोजन कर्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण में माननीय अपर सत्र न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक एवं अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को बताया गया कि ई-समंस/वारंट कैसे जारी किया जाता है।

इसमें समंस/वारंट का प्रारूप, आवश्यक जानकारी, और जारी करने की विधि को समझाते हुए उनको डिजीटल माध्यम से समंस/वारंट कैसे भेजे जाते हैं, यह प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ-साथ समंस/वारंट की तामील की पुष्टि एवं कानूनी प्रावधानों और नियमों की जानकारी दी गयी।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए